इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न)
INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.
(A Govt. of India Entrprise-Mini Ratna)
CIN: L74899DL1999GOI101707
Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

प्रेस विज्ञप्ति

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के भ्रमण के लिए डीलक्स एसी ट्रेन चलाएगी आईआरसीटीसी

दिल्ली से 27 फरवरी को रवाना होगी पर्यटक ट्रेन। उज्जैन व ओंकारेश्वर की यात्रा भी कराएगी।

नई दिल्ली, 12 फरवरी, 2021: कोविड–19 महामारी के कारण पिछले एक वर्ष में पर्यटन उद्योग ने सबसे कठिन समय का सामना किया है, जहां सभी होटल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों, एयरलाइनों को लॉकडाउन के दौरान बंद कर दिया गया और बहुत से लोग जो पर्यटन उद्योग से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े थे उन्होंने अपना रोजगार खो दिया। हालाँकि अब, अच्छी खबर यह है कि कोविड के बाद भारत में घरेलू पर्यटन उद्योग तेजी से अपनी पुरानी स्थिति की तरफ वापसी कर रहा है। आईआरसीटीसी भी घरेलू पर्यटन के इस पुनर्वापसी के क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

आईआरसीटीसी ने भारत के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु कई आकर्षक टूर पैकेजों के साथ शुरूआत की है जिसका जनता द्वारा अति उत्साहपूर्वक स्वागत किया जा रहा है। आईआरसीटीसी द्वारा विशेष रूप से संचालित इन पर्यटक ट्रेनों में टूर पैकेजों की अग्रिम बुकिंग करने हेतु बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं।

उपरोक्त के तारतम्य में ही आईआरसीटीसी ने **"ज्योतिर्लिंग और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी"** टूर हेतु एक डीलक्स वातानुकूलित पर्यटक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस नई डीलक्स पर्यटक ट्रेन में दो शानदार भोजनयान, एक आधुनिक रसोईघर, कोच के स्नानागार में शॉवर क्यूबिकल, सेंसर आधारित वॉशरूम फंक्शन, पैरों के मसाज हेतु कई शानदार सुविधाएँ उपलब्ध हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित ट्रेन में दो प्रकार की श्रेणियां: प्रथम श्रेणी–वातानुकूलित और द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित प्रदान की गई है। ट्रेन में सीसीटीवी कैमरों के जरिए सुरक्षा सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम है एवं निजी सुरक्षा गार्ड भी तैनात किए गए हैं।

"ज्योतिर्लिंग एवं स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की" यात्रा दिल्ली सफदरजंग से **27.02.2021** को शुरू होगी और इसमें दो प्रमुख **ज्योतिर्लिंग मंदिर महाकालेश्वर (उज्जैन) एवं ओंकारेश्वर** के साथ दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा **"स्टैच्यू ऑफ यूनिटी"** का भ्रमण शामिल होगा। हाल ही में पश्चिम रेलवे ने केवडिया रेलवे स्टेशन का संचालन आरंभ कर दिया है इसलिए यह गाड़ी विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा की यात्रा प्रदान करने के लिए केवडिया तक जाएगी। पर्यटक दिल्ली सफदरजंग, मथुरा, आगरा और ग्वालियर स्टेशनों पर इस ट्रेन में सवार हो सकते हैं।

घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार की अनूठी पहल **"देखो अपना देश"** के अनुरूप, आईआरसीटीसी ने बहुत ही किफायती दर पर इस टूर पैकेज को शुरू करने की योजना बनाई है। पैकेज की शुरूआती कीमत रू. 24,450/– प्रति व्यक्ति है जो कि सर्वसुविधा युक्त है। सरकार एवं पीएसयू के कर्मचारी, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार पात्रता के आधार पर इस टूर के लिए एलटीसी सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं।

पैकेज की लागत में संबंधित श्रेणियों में गाड़ी यात्रा, होटल में ठहरना, भोजन, यात्रियों के लिए यात्री बीमा और वातानुकूलित बसों से भ्रमण, टूर एस्कोर्ट आदि की सुविधा को भी शामिल किया गया है।

अधिक जानकारी आईआरसीटीसी की वेबसाइट https://www.irctctourism.com पर प्राप्त की जा सकती है। बुकिंग **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर उपलब्ध हैं और आईआरसीटीसी के पर्यटन पोर्टल पर ऑनलाइन आरक्षण भी कराया जा सकता है। इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी के अधिकारियों के मोबाइल नम्बर **8287930157, 8287930299 और 8287930202** पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।